राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में आयोजित हुआ राज्यपालों का सम्मेलन

राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे राज्यपालों के सम्मेलन में शामिल हुए

जयपुर, 3 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे ने शुक्रवार और शनिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में आयोजित राज्यपालों के सम्मेलन में भाग लिया।

श्री बागडे राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस सम्मेलन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत", 'एक वृक्ष मां के नाम' और प्राकृतिक खेती अभियान, राज्यपालों का जनता से सतत संपर्क, राज्यपालों की भूमिका और विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में राज्यपालों की भूमिका जैसे विषयों के विभिन्न सत्रों में शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह आदि ने संबोधित किया।